उत्तर प्रदेश के तीन शहर नोएडा, गाज़ियाबाद और मेरठ सर्वाधिक दस प्रदूषित शहरों में शामिल

चर्चा में क्यों?

4 अक्तूबर, 2023 को जारी रेस्पायरर लिविंग साइंसेज की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के तीन शहर नोएडा, गाज़ियाबाद और मेरठ सर्वाधिक दस प्रदूषित शहरों में शामिल है।

प्रमुख बिंदु

- देश के 10 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में दिल्ली शीर्ष पर बना हुआ है, वहीं देश का दूसरा सर्वाधिक प्रदूषित शहर पटना है।
- तीसरे नंबर पर भी बिहार का शहर मुज़फ्फरपुर है, जबकि चौथे स्थान पर हरियाणा का फरीदाबाद है। इसके बाद क्रमश: नोएडा, गाज़ियाबाद, मेरठ, नलबाड़ी, आसनसोल और ग्वालियर हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार पहले की तुलना में दिल्ली की वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ, लेकिन इसके बावजूद यह 1 अक्तूबर, 2022 और 30 सितंबर, 2023 के बीच सबसे प्रदूषित शहर था। यह स्तर सरकार के 'अच्छे'स्तर से तीन गुना अधिक और डब्ल्यूएचओ की सुरक्षित सीमा से 20 गुना अधिक है।
- रिपोर्ट में सबसे स्वच्छ हवा वाला शहर मिज़ोरम की राजधानी आइजोल है। देश के 10 सर्वाधिक स्वच्छ शहरों में आईजोल, चिक्कमंगलुरु, मंडीखेडा (हरियाणा), शिवमोगा, मदिकेरी, विजयपुरा, गदाग, चामराजनगर, रायचूर तथा मैसूरू हैं।
- यह रिपोर्ट इस बात पर ज़ोर देती है कि पीएम 2.5 में बारीक, ज़हरीले कण होते हैं, जो फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं तथा हृदय रोग, स्ट्रोक और अन्य श्वसन रोगों का कारण बन सकते हैं। पीएम 2.5 डाटा हवा में सूक्ष्म कणों को मापता है। स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के प्रभावों का आकलन करने के लिये यह रिपोर्ट व्यापक रूप से उपयोग की जाती है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/three-cities-of-uttar-pradesh-noida-ghaziabad-and-meerut-are-among-the-ten-most-polluted-cities